प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः- 926 /तेरह-आ0प्र0प्राधि0/2019 दिनांक 21/मई, 2019

विषयः- गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत करना है कि विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण अस्तित्व में आयी झील की सूचना पर स्थलीय निरीक्षण करवाया गया सर्वेक्षक दल द्वारा निरीक्षण के दौरान उक्त क्षेत्र में किसी प्रकार की झील का होना नहीं पाया गया। तत्समय में मा0 न्यायालय स्तर से दिये गये निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु समय-समय पर उक्त क्षेत्र की मॉनिटरिंग किये जाने हेतु दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 05.05.2019 को उक्त क्षेत्र में वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क के नेतृत्व में सर्वेक्षण हेतु दल भेजा गया।

अतः उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क द्वारा प्रस्तुत आख्या में अवगत कराया गया है कि सर्वेक्षण दल द्वारा भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) क्षेत्र का दिनांक0 05.05.2019 को सर्वेक्षण किया गया है। गैमुख हिमनद के आस-पास किसी प्रकार की झील नहीं बनी है। इस वर्ष अच्छी बर्फवारी होने के कारण गौमुख हिमनद भी अच्छी स्थिति में है।

अतएव आख्या सादर महोदय की सेवा में प्रेषित

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

**प्रतिलिपिः**-1 अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

deoc@2019.

GANGOTRI
NATIONAL PARK

# कार्यालय उप निदेशक, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी।

Div. Office at: Forest Colony (Kotbanglow) Dist. Uttarkashi, Phone & Fax 01374-222695
Email- ddgangotrinationalpark@gmail.com

पत्रांक : 1104/15-1 कोटबंगला, दिनांक 16/5/ ,2019

सेवा में,

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी।

DMO
जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

विषय :— गौमुख क्षेत्र का सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :— आपका पत्रांक सं0 821/13—आ0प्र0/2017 दिनांक 01.04.2019 तथा इस कार्यालय का पत्रांक 985/13—आ0प्र0/2017 दिनांक 05.04.2019


महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 04.04.2019 को श्री प्रताप सिंह पंवार वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, एस0डी0आर0एफ0, आपदा प्रबन्ध, एवं गढवाल हिमालयन ट्रैकिंग माउण्ट्रैनिंग एसोसियेसन, उत्तरकाशी के सदस्य गंगोत्री से गौमुख, गौमुख हिमनद एवं झील का स्थलीय निरीक्षण हेतु गये थे किन्तु मार्ग में अत्यधिक बर्फवारी एवं हिमखण्ड होने के कारण टीम चीडबासा तक ही जा पायी थी, जिसके कारण गौमुख हिमनद एवं झील का स्थलीय निरीक्षण नही हो पाया था। गंगोत्री—गौमुख मार्ग से बर्फ पिघलने एवं परिस्थितियां ठीक होने के उपरान्त वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि द्वारा अपनी टीम के साथ दिनांक 05.05.2019 को गौमुख हिमनद एवं झील का स्थलीय निरीक्षण किया गया। श्री प्रताप सिंह पंवार वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री राजि द्वारा अवगत कराया गया कि गौमुख में झील बनने जैसी वर्तमान में कोई सम्भावना नही है तथा गौमुख हिमनद के आस—पास कोई झील भी नही बनी है। इस वर्ष अच्छी बर्फवारी होने के कारण गौमुख हिमनद भी अच्छी स्थिति में है। गौमुख हिमनद के आस—पास के 4 फोटोग्राफ संलग्न कर रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(नन्दा बल्लभ शर्मा)
उप निदेशक
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क,
उत्तरकाशी।









CamScanner